भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 692

उत्तर देने की तारीख 04.12.2025

## बिहार में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय

692. श्री अजय कुमार मंडल:

श्री राजेश रंजन:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का योजना के अंतर्गत बिहार के भागलपुर जिले में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो उसके स्थान तथा वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो जिले के अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तायुक्त आवासीय शिक्षा प्रदान करने हेतु वैकल्पिक योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बिहार राज्य के पूर्णिया, बांका, जमुई, मुंगेर, कैमूर जैसे कई जिलों में अनुसूचित जनजाति की बड़ी आबादी होने के बावजूद एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित नहीं किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का बिहार राज्य के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की शर्तों में बदलाव करके बिहार में विद्यालय स्थापित करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) और (ख) वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में, भारत सरकार ने घोषणा की, कि जनजातीय बच्चों को उनके अपने वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए, 50% से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी और कम से कम 20,000 जनजातीय लोगों (2011 की जनगणना के अनुसार) वाले प्रत्येक प्रखंड में ईएमआरएस स्थापित किए जाएंगे। बिहार के भागलपुर जिले का कोई भी प्रखंड इन दोहरे मानदंडों को पूरा नहीं करता है।

(ग) बिहार में स्वीकृत ईएमआरएस का ब्यौरा निम्नानुसार है:

1. झाझा, जमुई जिला
2. रामनगर, पश्चिम चंपारण जिला
3. अधौरा, कैमूर जिला

पूर्णिया, बांका और मुंगेर जिलों का कोई भी प्रखंड, ईएमआरएस मंज़ूरी के लिए आवश्यक दोहरे मापदंडों को पूरा नहीं करता है।

(घ) ईएमआरएस की आवश्यकता की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

****